# Daily Current Affairs
# 10 June 2022



## Index

- ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक
- 4th राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक
- उद्यमशीलता स्वतंत्रता: प्रवेश, प्रतिस्पर्धा तथा निकास” पर सम्मेलन
- राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल
- गुजरात गौरव अभियान कार्यक्रम
- "बाजार के जरिए संपत्ति सृजन" पर सम्मेलन
- दिल्ली-एनसीआर में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध
- पैरा-निशानेबाजी विश्व कप

BYJU'S EXAM PREP

## Important News: InterNational

### 1. ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक

**चर्चा में क्यों:**




- कृषि राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे द्वारा ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस वर्ष ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक का वर्चुअल माध्यम से आयोजन किया गया जिसमें चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, रूस और भारत के मंत्रियों द्वारा भाग लिया गया।
- ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक का विषय "समन्वित कृषि और ग्रामीण विकास के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत बनाने" था।
- ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं बैठक के दौरान सदस्य देशो द्वारा 12वीं बैठक की संयुक्त घोषणा और साथ ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच खाद्य सुरक्षा सहयोग पर ब्रिक्स रणनीति को भी अपनाया गया।
- इस वर्ष भारत द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के टिकाऊ उपयोग के माध्यम से भूख को समाप्त करने और कृषि के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के अपने संकल्प पर जोर दिया है तथा सदस्य देशो को भी इसे अपनाने का आहवाह्न किया।

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: India

### 2. 4th राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक

**चर्चा में क्यों:**




- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए चौथा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) जारी किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- वर्ष 2021-22 के लिए, बड़े राज्यों की सूचि में, तमिलनाडु शीर्ष इस सूचकांक में प्रथम स्थान पर रहा जबकि गुजरात और महाराष्ट्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- छोटे राज्यों की सूचि में, गोवा को प्रथम स्थान मिला तथा इसके बाद मणिपुर और सिक्किम का स्थान रहा।
- केंद्र शासित प्रदेशों की सूचि में, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने इस वर्ष क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।
- राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक की शुरुआत 2018-19 से देश में खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में प्रतिस्पर्धी और सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से की गई थी।
- राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित खाद्य सुरक्षा के पांच मानकों के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन के अनुसार उन्हें रैंकिंग प्रदान करता है।
- यह रैंकिंग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा की जाती है।

**स्रोत: द हिंदू**

### 3. उद्यमशीलता स्वतंत्रता: प्रवेश, प्रतिस्पर्धा तथा निकास" पर सम्मेलन

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय दिवाला तथा दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) द्वारा देश भर के 75 स्थानों में जारी समारोहों के गौरवशाली समापन को चिन्हित करने के लिए नई दिल्ली के हैबिटैट सेंटर में एकदिवसीय प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- बाजारों को व्यापक रूप से व्यवसाय के तीन चरणों- व्यवसाय आरंभ करने के लिए (मुक्त प्रवेश), व्यवसाय को जारी रखने के लिए (मुक्त प्रतिस्पर्धा) तथा व्यवसाय को बंद करने (मुक्त निकास) में स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है, इस सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य व्यवसाय के इन्ही तीन चरणों में सुधारों का पता लगाना है।
- सम्मलेन के दौरान आईपी कॉन्कलेव का भी आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- उद्यमशीलता स्वतंत्रता: प्रवेश, प्रतिस्पर्धा तथा निकास" पर सम्मेलन में आईबीसी इकोसिस्टम के बड़ी संख्या में हितधारकों जिनमें इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल, पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं, अर्थशास्त्रियों, वित्तीय लेनदारों, सेवा प्रदात्ताओं, शोधकर्ताओं, छात्रों, प्रोफेशनलों, विनियामक, शिक्षा क्षेत्र के

विशेषज्ञ तथा सरकारी अधिकारी शामिल हैं, के वास्तविक रूप से तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से सम्मेलन में भाग लिया गया।

- सम्मलेन के दौरान 26 शोध पत्रों से युक्त ''अनुसंधान: एक्सप्लोरिंग न्यू पर्सपेक्टिव्स ऑन इनसॉल्वेंसी" शीर्षक वाले एक प्रकाशन का भी विमोचन किया गया है।

**स्रोत: द हिंदू**

### 4. राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल

**चर्चा में क्यों:**

- भारत सरकार द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित करने के उद्देश्य राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल लॉन्च किया गया जिसमें विभिन्न पुरस्कारों के लिए नामांकन को भी शुरू किया गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/एजेंसियों के सभी पुरस्कारों को पारदर्शिता और सार्वजनिक भागीदारी (जनभागीदारी) सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के तहत एक साथ लाना है।
- राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को भारत सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों/संगठनों को नामांकित करने की सुविधा प्रदान करना है।
- वर्तमान में, सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निम्नलिखित पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू किये है जिसमें शामिल है-
    1. पद्म पुरस्कार
    2. सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार
    3. तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार
    4. जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार
    5. पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार कौशल उत्कृष्टता पुरस्कार

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: State

### 5. गुजरात गौरव अभियान कार्यक्रम

**चर्चा में क्यों:**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात गौरव अभियान कार्यक्रम में भाग लिया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- सम्मलेन के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवसारी जिले के जनजातीय क्षेत्र खुदवेल में लगभग तीन हजार 50 करोड़ रुपए लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।
- इसी अभियान के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा तापी, नवसारी और सूरत जिलों के निवासियों के लिये 13 जलापूर्ति परियोजनाओं का भूमि पूजन भी किया गया तथा इसी अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा नवसारी जिले में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन भी किया गया।
- अपनी गुजरात यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अन्य परियोजनाएं जैसे नवसारी में ए.एम.नाइक स्वास्थ्य देखभाल परिसर और निराली मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, अहमदाबाद के बोपल में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र के मुख्यालय का भी उद्घाटन किया जायेगा।

**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**

## Important News: Economy

### 6. "बाजार के जरिए संपत्ति सृजन" पर सम्मेलन

**चर्चा में क्यों:**

- निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) द्वारा पूरे देश के 75 शहरों में एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम के रूप में "बाजार (मार्केट) के जरिए संपत्ति सृजन" विषयवस्तु पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- "बाजार के जरिए संपत्ति सृजन" पर सम्मेलन का उद्देश्य भारत के 75 शहरों में निवेश और संपत्ति सृजन के साथ-साथ नागरिकों के वित्तीय विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में लोगों को शिक्षित, प्रोत्साहित और सशक्त बनाना है।
- "बाजार के जरिए संपत्ति सृजन" सम्मलेन में निम्नलिखित विषयो को शामिल किया गया है जिसमें-
    1. पिछले 75 वर्षों में भारतीय कैपिटल मार्केट का विकास
    2. स्वतंत्र निवेशक के रूप में उभरती महिलाएं
    3. मार्केट के भरोसे को बेहतर बनाने में सरकार और बाजार के अन्य प्रमुख व्यक्तियों की भूमिका
    4. वित्तीय साक्षरता- वित्तीय कल्याण का मार्ग
    5. भारतीय कैपिटल मार्केट का भविष्य यानी अमृत काल, आदि शामिल है।
- "आजादी का अमृत महोत्सव" भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ और इसके लोगों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। जो कि 5000 से अधिक वर्षों के प्राचीन इतिहास की विरासत के साथ 75 साल पुराने स्वतंत्र देश के रूप में हमारी सामूहिक उपलब्धियों का उत्सव है।

**स्रोत: पीआईबी**

# Important News: Environment

## 7. दिल्ली-एनसीआर में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध

**चर्चा में क्यों:**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा 1 जनवरी, 2023 से पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में औद्योगिक, घरेलू और अन्य विविध अनुप्रयोगों में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध के साथ साथ ताप बिजली संयंत्रों में कम सल्फर वाले कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध से छूट दी गई है।
- इसका उद्देश्य दिल्ली एनसीआर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना है।

- हाल ही में प्रदूषण सूचकांक के अनुसार दिल्ली को सबसे प्रदूषित शहरों की सूचि में रखा गया था ऐसे में यह कदम राजधानी दिल्ली की रैंकिंग सुधारने में सहायक होगा तथा इससे वार्षिक रूप से लगभग 1.7 मिलियन टन कोयले की बचत भी होगी।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

# Important News: Sports

## 8. पैरा-निशानेबाजी विश्व कप



- फ्रांस के शातॉग् में आयोजित पैरा-निशानेबाजी विश्व कप भारत के मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस की जोड़ी द्वारा 10 मीटर पी-6 एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- मनीष और रुबीना की जोड़ी द्वारा चीन के यांग चाओ और मिन ली की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में 17-11 से हराया गया।
- इसी स्पर्धा में मनीष और रुबीना की जोड़ी द्वारा फाइनल में प्रवेश के लिए 565 के अंकों के साथ क्वालिफाइंग दौर में नया विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया गया था।
- पैरा-निशानेबाजी विश्व कप में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है इससे पूर्व श्रीहर्षा देवाराडी रामाकृष्णा द्वारा मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल एसएच2 स्पर्धा में तथा आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में अवनी लेखरा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

स्रोत: जनसत्ता